दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 09 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर में आज अठारहवें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा – सीवान, झंझारपुर और महुआ में इस वर्ष होगी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की शुरूआत।

03. प्रदेश में बर्फीली पछुआ हवा और घने कोहरे के चलते जन–जीवन प्रभावित। मौसम विभाग का अगले तीन दिन तक न्यूनतम तापमान में और गिरावट का पूर्वानुमान।

04. और, पटना, रोहतास, सीवान समेत पांच जिलों में सोलह जनवरी से नियोजन मेले का आयोजन होगा।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर में आज अठारहवें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन केंद्र सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह सम्मेलन भारतीय मूल के लोगों को एक–दूसरे से जुड़ने का एक मंच प्रदान करता है। इस सम्मेलन का विषय है– विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान। पचास से अधिक देशों के भारतीय मूल के सदस्य इस सम्मेलन में भागीदारी कर रहे हैं। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

–––रिपोर्ट–––

————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि सीवान, झंझारपुर और महुआ में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की शुरूआत इसी साल हो जाएगी। इन तीनों मेडिकल कॉलेजों के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद, एनएमसी से अनुमति मिलने के बाद पांच सौ–पांच सौ बेड क्षमता वाले मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में एक सौ बीस–एक सौ बीस सीटों पर नामांकन होगा। श्री पांडेय ने कहा कि इन तीन मेडिकल कॉलेज के बन जाने से प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर पंद्रह हो जाएगी।

———————————————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति का विज्ञापन जल्द ही निकाला जाएगा। उन्होंने पटना में कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और छात्र–शिक्षक अनुपात को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मंत्री ने कहा कि सक्षमता परीक्षा पास कर ढाई लाख से अधिक नियोजित शिक्षक अब विशिष्ट शिक्षक बन गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधान शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को भी जल्द ही नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे।

———————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी से तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग इक्कीस से तीस जनवरी तक के बीच होगी। तीसरे चरण में छियासठ हजार से अधिक अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार के अनुसार बीपीएससी से आवंटित जिले में ही चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की जायेगी।

———————————————————————————————

महागठबंधन विधायक दल के नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव से राजद और कांग्रेस के छह विधायकों की सदस्यता समाप्त करने की मांग की। ये विधायक पार्टी छोड़कर दूसरे दलों के साथ चले गए हैं। इन सदस्यों पर पार्टी व्हिप के उल्लंघन का भी आरोप है। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे सदस्यों को नोटिस भेजा गया है और कार्रवाई भी की जा रही है। प्रतिनिधि मंडल में राजद के भाई वीरेन्द्र, कांग्रेस की प्रतिमा कुमारी, भाकपा के अजय कुमार समेत कई अन्य नेता शामिल थे।

———————————————————————————————

प्रदेश में भू–जल क्षमता में दो लाख घन मीटर की वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार की वार्षिक भू–जल रिपोर्ट, दो हजार चौबीस के अनुसार भू–जल क्षमता में वृद्धि से प्रदेश का भू–जल दो से दस मीटर तक ऊपर आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण बिहार के बड़े हिस्सों में भू–जल ऊपर आया है। जल जीवन हरियाली अभियान के तहत भू–जल संरक्षण के लिए कई स्तरों पर योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नई तालाब की खुदाई, पुराने तालाबों और कुंओं का जीर्णोद्धार तथा छोटे–छोटे जलाशयों का निर्माण किया जा रहा है।

———————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में महाकुंभ, दो हजार पच्चीस को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में तेरह जनवरी से महाकुंभ की शुरूआत हो रही है। महाकुंभ छब्बीस फरवरी, महाशिवरात्रि को संपन्न होगा। महाकुंभ में पौष पूर्णमासी, मकरसंक्रांति, मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि को कुल छह शाही स्नान होंगे। इस दौरान विश्व भर से चालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज में जुटने की संभावना है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना दो हजार चौबीस—पच्चीस के लिये सात हजार सात सौ इकतीस आवेदकों का चयन किया गया है। उद्योग विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक हजार पांच सौ सौलह आवदेकों का प्रमाण पत्र सत्यापन में अयोग्य पाया गया है। इस योजना के तहत कुल नौ हजार दो सौ सैंतालीस लोगों ने आवेदन किया था।

———————————————————————————

प्रदेश में बर्फीली पछुआ हवा और घने कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन के दौरान उत्तरी पछुआ हवा का प्रवाह बढ़ने से न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की संभावना है। हालांकि पछुआ हवा की तेजी से कोहरे की सघनता में कमी आने के आसार हैं। विभाग के अनुसार दस जनवरी को हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ आने के साथ ही न्यूनतम तापमान में और गिरावट और घने कोहरे का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाईट———

इधर, नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा लगातार चौथे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा। पटना समेत अन्य जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

इधर, घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि घने कोहरे के कारण पटना–अहमदाबाद, दरभंगा–अहमदाबाद तथा भागलपुर–गांधी धाम साप्ताहिक ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया है। ये ट्रेन पंद्रह जनवरी से अट्ठाईस फरवरी तक अलग–अलग तिथियों पर रद्द रहेंगी। वहीं, कई ट्रेनों को परिवर्तित समय से चलाया जा रहा है। इस बीच, कल पटना एयरपोर्ट पर विमानों का परिचालन भी प्रभावित रहा। कई विमानों ने निर्धारित समय से देर से उड़ान भरी। वहीं, दरभंगा हवाई अड्डे से कल मात्र एक विमान ने उड़ान भरी।

———————————————————————————

ठंड के कारण किशनगंज, शेखपुरा, अररिया, जहानाबाद और सुपौल जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक वर्ग संचालन पर ग्यारह जनवरी तक रोक लगा दी है। इस अवधि में आंगनबाड़ी केन्द्र भी बंद रहेंगे।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में सोलह जनवरी से नियोजन मेले की शुरूआत होगी। श्रम संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले चरण के तहत पटना में सोलह जनवरी, डेहरी ऑन सोन में सत्रह जनवरी, सीवान में अठारह जनवरी, भागलपुर में बीस जनवरी और सुपौल में इक्कीस जनवरी को मेले का आयोजन होगा। यह मेल राजकीय आईटीआई में आयोजित किया जाएगा। इसमें एनआईसी पोर्टल पर निबंधित अभ्यर्थी सहित नये युवा भी भाग ले सकेंगे।

———————————————————————————

पटना जिला प्रशासन ने गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए ऐतिहासिक गांधी मैदान को कल से पच्चीस जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद कर दिया है। जिला प्रशासन की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि गांधी मैदान में सुबह–शाम टहलने

वाले लोगों का भी प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। गांधी मैदान को छब्बीस जनवरी की सुबह आम लोगों के लिए खोला जाएगा।

———————————————————————————

पटना हवाई अड्डे से पन्द्रह जनवरी से गुवाहाटी और भुवनेश्वर के लिए सीधी विमान सेवा शुरू होगी। पटना हवाई अड्डा प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार हैदराबाद और बेंगलुरू के लिए भी दो–दो फ्लाईट पन्द्रह जनवरी से शुरू होगी।

———————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि इंडिया गठबंधन सिर्फ दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव के लिए बना था। आज बक्सर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि गठबंधन का एक मात्र उद्देश्य भाजपा को हराना था और यह गठबंधन उसी लक्ष्य तक सीमित है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव पर उनकी पार्टी ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है।

———————————————————————————

गोवा में आयोजित महिला अंडर–ट्वेंटी थ्री टी ट्वेंटी ट्रॉफी के मैच में बिहार ने सौराष्ट्र को बीस रन से हरा दिया। बिहार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ऑवर में एक सौ बीस रन बनाये। जवाब में सौराष्ट्र की टीम छह विकेट पर एक सौ तीन रन ही बना सकी।

इधर, बैंगलुरू के अलूर क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये महिला अंडर नाइनटीन एकदिवसीय ट्रॉफी मैच में बिहार ने मेघालय को अंठावन रन से पराजित किया।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के तुलसीटोल स्थित पहाड़पुर बहियार गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

समस्तीपुर पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से सरायरंजन थाना क्षेत्र के खेतापुर धर्मपुर गांव से कुख्यात अपराधी विरेन्द्र सदा को गिरफ्तार किया है। अपराधी के पास से एक देशी पिस्तौल और कारतूस समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

———————————————————————————

किशनगंज के पौआखाली थाना में पुलिस ने पांच हजार लीटर से अधिक विदेशी शराब को जब्त कर इसे नष्ट कराया। वहीं, कटिहार नगर थाना क्षेत्र के ड्राइवर टोला स्थित रेलवे केबिन के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि शराब को झाड़ी में छिपाकर रखा गया था।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सारण जिले की यात्रा को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – छपरा में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल शुरू।

**दैनिक जागरण** एक देश, एक चुनाव के मुद्दे पर गठित संसदीय समिति की बैठक पर लिखता है – जेपीसी की पहली बैठक में ही रार।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – बिहार में मंत्रिमंडल का विस्तार पंद्रह जनवरी के बाद संभव, भाजपा के चार मंत्री होंगे।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर में आज अठारहवें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा – सीवान, झंझारपुर और महुआ में इस वर्ष होगी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की शुरूआत।

03. प्रदेश में बर्फीली पछुआ हवा और घने कोहरे के चलते जन–जीवन प्रभावित। मौसम विभाग का अगले तीन दिन तक न्यूनतम तापमान में और गिरावट का पूर्वानुमान।

04. और, पटना, रोहतास, सीवान समेत पांच जिलों में सोलह जनवरी से नियोजन मेले का आयोजन होगा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।